माँ काली चालीसा

www.anipdf.com

॥ दोहा ॥

जयकाली कलिमलहरण,
महिमा अगम अपार ।
महिष मर्दिनी कालिका,
देहु अभय अपार ॥

॥ चौपाई ॥

अरि मद मान मिटावन हारी ।
मुण्डमाल गल सोहत प्यारी ॥1॥

अष्टभुजी सुखदायक माता ।
दुष्टदलन जग में विख्याता ॥2॥

भाल विशाल मुकुट छवि छाजै ।
कर में शीश शत्रु का साजै ॥3॥

दूजे हाथ लिए मधु प्याला ।
हाथ तीसरे सोहत भाला ॥4॥

चौथे खप्पर खड्ग कर पांचे ।
छठे त्रिशूल शत्रु बल जांचे ॥5॥

www.anipdf.com

सप्तम करदमकत असि प्यारी ।

शोभा अद्भुत मात तुम्हारी ॥6॥

अष्टम कर भक्तन वर दाता ।
जग मनहरण रूप ये माता ॥7॥

भक्तन में अनुरक्त भवानी ।
निशदिन रटें ऋषी-मुनि ज्ञानी ॥8॥

महशक्ति अति प्रबल पुनीता ।
तू ही काली तू ही सीता ॥9॥

पतित तारिणी हे जग पालक ।
कल्याणी पापी कुल घालक ॥10॥

शेष सुरेश न पावत पारा ।
गौरी रूप धर्यो इक बारा ॥11॥

तुम समान दाता नहिं दूजा ।
विधिवत करें भक्तजन पूजा ॥12॥

रूप भयंकर जब तुम धारा ।
दुष्टदलन कीन्हेहु संहारा ॥13॥

www.anipdf.com

नाम अनेकन मात तुम्हारे ।
भक्तजनों के संकट टारे ॥14॥

कलि के कष्ट कलेशन हरनी ।
भव भय मोचन मंगल करनी ॥15॥

महिमा अगम वेद यश गावैं ।
नारद शारद पार न पावैं ॥16॥

भू पर भार बढ्यौ जब भारी ।
तब तब तुम प्रकटीं महतारी ॥17॥

आदि अनादि अभय वरदाता ।
विश्वविदित भव संकट त्राता ॥18॥

कुसमय नाम तुम्हारौ लीन्हा ।
उसको सदा अभय वर दीन्हा ॥19॥

ध्यान धरें श्रुति शेष सुरेशा ।
काल रूप लखि तुमरो भेषा ॥20॥

कलुआ भैंरों संग तुम्हारे ।
अरि हित रूप भयानक धारे ॥21॥

www.anipdf.com

सेवक लांगुर रहत अगारी ।
चौसठ जोगन आज्ञाकारी ॥22॥

त्रेता में रघुवर हित आई ।
दशकंधर की सैन नसाई ॥23॥

खेला रण का खेल निराला ।
भरा मांस-मज्जा से प्याला ॥24॥

रौद्र रूप लखि दानव भागे ।
कियौ गवन भवन निज त्यागे ॥25॥

तब ऐसौ तामस चढ़ आयो ।
स्वजन विजन को भेद भुलायो ॥26॥

ये बालक लखि शंकर आए ।
राह रोक चरनन में धाए ॥27॥

तब मुख जीभ निकर जो आई ।
यही रूप प्रचलित है माई ॥28॥

बाढ्यो महिषासुर मद भारी ।
पीड़ित किए सकल नर-नारी ॥29॥

www.anipdf.com

करूण पुकार सुनी भक्तन की ।
पीर मिटावन हित जन-जन की ॥30॥

तब प्रगटी निज सैन समेता ।
नाम पड़ा मां महिष विजेता ॥31॥

शुंभ निशुंभ हने छन माहीं ।
तुम सम जग दूसर कोउ नाहीं ॥32॥

मान मथनहारी खल दल के ।
सदा सहायक भक्त विकल के ॥33॥

दीन विहीन करैं नित सेवा ।
पावैं मनवांछित फल मेवा ॥34॥

संकट में जो सुमिरन करहीं ।
उनके कष्ट मातु तुम हरहीं ॥35॥

प्रेम सहित जो कीरति गावैं ।
भव बन्धन सों मुक्ती पावैं ॥36॥

काली चालीसा जो पढ़हीं ।
स्वर्गलोक बिनु बंधन चढ़हीं ॥37॥

www.anipdf.com

दया दृष्टि हेरौ जगदम्बा ।
केहि कारण मां कियौ विलम्बा ॥38॥

करहु मातु भक्तन रखवाली ।
जयति जयति काली कंकाली ॥39॥

सेवक दीन अनाथ अनारी ।
भक्तिभाव युति शरण तुम्हारी ॥40॥

॥दोहा॥

प्रेम सहित जो करे,
काली चालीसा पाठ ।
तिनकी पूरन कामना,
होय सकल जग ठाठ ॥

www.anipdf.com